प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.11.2025 समय : 09.00 ए.एम

....................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के 9 करोड से अधिक किसानों को आज पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त की 18 हजार करोड रूपये की राशि जारी करेंगे।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में दलहन और तिलहन की समर्थन मूल्य पर 9 हजार 436 करोड़ रूपये की रिकॉर्ड खरीद को मंजूरी दी।
- जालौर जिले में अंतर्देशीय बंदरगाह– इनलैण्ड पोर्ट विकसित करने की कवायद शुरू।
- प्रदेश के सात संभागों में आज एक साथ घूमर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

....................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कोयंबटूर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी करेंगे। श्री मोदी देशभर के 9 करोड़ किसानों को 18 हज़ार करोड़ रुपये की राशि उनके बैंक खातों में हस्तान्तरित करेंगे। प्रधानमंत्री **दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन** का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से बातचीत करेंगे। इधर प्रदेश में पीएम किसान सम्मान निधि योजना का राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसमें शामिल होंगे। सहकारिता राज्यमंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि पीएम सम्मान निधि की 21वीं किस्त से प्रदेश के 66 लाख 62 हजार किसान लाभान्वित होंगे। गौरतलब है कि 2019 से शुरू की गई इस योजना में किसानों को तीन समान किस्तो में सालाना कुल 6 हजार रूपये की राशि दी जाती है। प्रदेश के सभी जिलों में राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जायेगा। अजमेर में केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी मौजूद रहेंगे। पीएम सम्मान निधि को लेकर किसानों में उत्साह है।

....................

प्रदेश में दलहन और तिलहन की समर्थन मूल्य पर खरीद होगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य की चार फसलों मूंग, उडद, मूंगफली और सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड स्तर पर खरीद को मंजूरी दी है। श्री चौहान ने कल राजस्थान और आंध्रप्रदेश के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक की। उन्होंने मूल्य समर्थन योजना पीएसएस और बाजार हस्तक्षेप योजना एमआईएस के प्रस्तावों को स्वीकृति दी है। राजस्थान के लिए ये मंजूरी देश में सबसे बडी खरीद पहलों में से है। इसके तहत लगभग 9 हजार 436 करोड़ रूपये मूल्य की उपज ली जायेगी। इससे प्रदेश के लाखों किसानों को फायदा मिलेगा।

....................

जालौर जिले में अंर्तदेशीय बंदरगाह इनलैंड पोर्ट विकसित करने की परियोजना प्रस्तावित की गई है। इसका उद्देश्य जालौर को गुजरात के कांडला बंदरगाह से जोडना है। हाल ही में मुम्बई में हुए मेरिटाइम वीक में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। ये एमओयू राजस्थान रिवर बेसिन और जलसांधन आयोजना प्राधिकरण और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के बीच हुआ। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बताया कि प्रस्तावित योजना में जालौर और कांडला बंदरगाह के बीच करीब 262 किलोमीटर लम्बा जल मार्ग बनाने की संभावनाएं तलाश की जायेगी। इसके लिए गुजरात और राजस्थान में ड्रेजिंग होगी। इससे राजस्थान समुद्री संपर्क के नये युग में प्रवेश कर सकेगा। ये परियोजना राजस्थान को सीधे अरब सागर से जोडकर व्यापार, औद्योगिक विकास और रोजगार को बढावा देगी।

....................

लोकसभा अध्यक्ष और कोटा बूंदी सांसद ओम बिरला ने कहा है कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिलना चाहिए। शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और सम्मान निधि से जुडी योजनाएं गांवों में सौ प्रतिशत लागू होनी चाहिए। श्री बिरला कल कोटा में **जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा** की बैठक में बोल रहे थे।

....................

पहाडो से आ रही सर्द हवाओं के असर से राज्य में ठण्ड ने इस बार जल्दी ही जोर पकड लिया है। प्रदेश के सीकर, नागौर और सिरोही में न्यूनतम तापमान पिछले करीब एक सप्ताह से 6 डिग्री सैल्सियस से नीचे दर्ज किया जा रहा है। सिरोही जिले के माउंटआबू में लगातार दूसरे दिन भी रात का तापमान शून्य रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार कल 17 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ। वहीं नागौर, सीकर, सिरोही और दौसा सहित कुछ स्थानों पर शीतलहर बरकरार है। सर्दी की जल्द दस्तक से गर्म कपडो की खरीदारी भी बढ गई है। करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि सर्दी के साथ ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बढ गया है।

...................

सर्दियों के मौसम में कोहरे के कारण रेल यातायात प्रभावित होता है। इसे देखते हुए उत्तर पश्चिम रेल्वे ने कोहरे की अधिकता वाले रेल खण्डों में रेल सेवाओं के सुरक्षा संचालन के लिए विशेष प्रबंध किये है। उत्तर पश्चिम रेल्वे के महाप्रबंधक ने इसे लेकर एक समीक्षा बैठक की। इसमें बताया गया कि कोहरे की अधिकता वाले रेल खण्डों में चलने वाली रेलगाडियों के लोकोपायलट्स को फोग सेफ्टी डिवाइस उपलब्ध कराये गये है। जयपुर, बीकानेर और जोधपुर में कोहरे की अधिकता रहती है। जोधपुर मण्डल से करीब 66 ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इसमें पाली–मारवाड से भी कई ट्रेने चलती है। इन सभी मे फोग डिवाइस, इंजन पर लगाये गये है।

...................

राजस्थान के सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है घूमर नृत्य। आज प्रदेश के सातों संभागों में एक साथ घूमर फेस्टिवल का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

...................

राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में होगा। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि ये महोत्सव राजस्थान के सांस्कृतिक मॉडल को नई दिशा देगा। यह महोत्सव विरासत, पारम्परिक कलाओं और जनभागीदारी पर आधारित है। उन्होंने कहा कि ये रजवाडी नृत्य स्थानीय नागरिकों के साथ ही देशी विदेशी सैलानियों में भी काफी लोकप्रिय है। इस आयोजन से पर्यटन की संभावनाएं भी मजबूत होगी।

...................

राजस्थान को बेहतर जल प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी के लिए तीसरी बार **जल संचय जन भागीदारी** के लिए सम्मानित किया गया है। देश के सर्वश्रेष्ठ राज्यों में राजस्थान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं बाडमेर जिले को जल संरक्षण में उत्कृष्ट कार्यो के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान मिला है।

...................